## पूर्व निगम पार्षद के घर में लगी आग, दो को बचाया

**नई दिल्ली।** चिराग दिल्ली इलाके में बुधवार सुबह एक घर में भीषण आग लगने से अफरा-तफरी मच गई। आग पूर्व निगम पार्षद राकेश गुलिया के घर में लगी, जहां उस समय वैवाहिक कार्यक्रम की तैयारियां चल रही थीं।

चिराग दिल्ली स्थित हनुमान रोड पर बने मकान में अचानक आग भड़क उठी। आग लगते ही घर में मौजूद लोगों में हड़कंप मच गया। सूचना मिलने पर दमकल विभाग की कई गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और राहत-बचाव कार्य शुरू किया।

दमकलकर्मियों ने आग की तेज लपटों के बीच फंसे राकेश गुलिया और उनके तीन वर्षीय पौत्र को सुरक्षित बाहर निकाला। दोनों को तुरंत अस्पताल पहुंचाया गया। घायलों को उपचार के लिए सफदरजंग अस्पताल में भर्ती कराया गया है। काफी मशक्कत के बाद दमकल टीम ने आग पर काबू पा लिया।

# बुलडोजर एक्शन के खिलाफ याचिका पर हुई सुनवाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने बुधवार को उत्तम नगर होली हिंसा मामले में आरोपियों के स्वजन की ओर से दाखिल याचिका पर सुनवाई की। कोर्ट ने कहा कि वे एमसीडी के बुलडोजर एक्शन के खिलाफ बेहतर और स्पष्ट याचिका दाखिल करें। न्यायमूर्ति अमित बंसल की पीठ ने कहा कि मौजूदा याचिकाओं में आरोप अस्पष्ट हैं और इनमें अलग-अलग मुद्दों को एक साथ जोड़ दिया गया है।

सुनवाई के दौरान अदालत ने कहा कि याचिका में एमसीडी की ओर से कथित तौर पर अवैध और मनमाने तरीके से घर गिराने से रोकने के अलावा पुलिस सुरक्षा की भी मांग की गई है, जो पूरी तरह अलग मामला है। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि उसका अधिकार क्षेत्र अवैध निर्माण, अतिक्रमण और ध्वस्तीकरण से जुड़े मामलों तक सीमित है। पुलिस सुरक्षा की मांग इस दायरे में नहीं आती है।

याचिकाकर्ताओं के वकील ने अदालत से याचिका वापस लेने और बेहतर विवरण के साथ नई याचिका दाखिल करने की अनुमति मांगी। अदालत ने इसे स्वीकार कर लिया। इसके साथ ही कहा कि याचिका में किए गए आरोप अस्पष्ट हैं और अलग-अलग कारणों को एक साथ जोड़ दिया गया है। इसलिए याचिका को वापस लेने की अनुमति दी जाती है और एक सप्ताह के भीतर बेहतर याचिका दाखिल करने की छूट दी जाती है। हालांकि अदालत ने ध्वस्तीकरण पर कोई अंतरिम आदेश नहीं दिया, लेकिन नगर निगम के वकील ने आश्वासन दिया कि अदालत के समक्ष लंबित इन संपत्तियों के खिलाफ फिलहाल कोई कार्रवाई नहीं की जाएगी।

## पीक टाइम में बढ़ेंगी डीटीसी की बसें

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** राजधानी में बसों का इंतजार कम करने के लिए दिल्ली ट्रांसपोर्ट कॉर्पोरेशन (डीटीसी) बस संचालन का नया टाइमटेबल बनाने पर काम कर रहा है। इसके तहत व्यस्त समय में बसों की आवृत्ति बढ़ाई जाएगी और कई प्रमुख रूटों पर बसें हर 30 मिनट की बजाय 15 मिनट के अंतराल पर चलाई जा सकती हैं।

अधिकारियों के मुताबिक, हाल ही में दिल्ली इंटीग्रेटेड मल्टीमॉडल ट्रांजिट सिस्टम (डीआईएमटीएस) के तहत संचालित करीब 2,500 बसों का संचालन डीटीसी के पास आने के बाद अब निगम लगभग 5,800 बसों के पूरे नेटवर्क के लिए नया परिचालन प्लान तैयार कर रहा है। अब तक डीटीसी और डीआईएमटीएस की बसें अलग-अलग संचालन व्यवस्था के तहत चलती थीं। इस कारण कई बार दोनों एजेंसियों की बसें एक ही रूट पर लगभग एक ही समय पर पहुंच जाती थीं, जबकि दूसरे समय अंतराल में यात्रियों को बस के लिए इंतजार करना पड़ता था।

अधिकारियों का कहना है कि सभी बसों का संचालन एक व्यवस्था में आने से अब रूट और समय का बेहतर समन्वय किया जा सकेगा। नए टाइमटेबल में उन रूटों पर बसों की संख्या बढ़ाने पर जोर दिया जा रहा है जहां यात्रियों की संख्या अधिक रहती है।

# रोजा इफ्तार पार्टी का आयोजन किया



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** मुस्तफाबाद में हाजी इमरान सुनार बुगरासी वालों ने रोजा इफ्तार पार्टी का आयोजन किया उनके दो बच्चों ने आज रोजा रखा। एक बेटे जिसका नाम मोहम्मद आजम इमरान और बेटी यशफी इमरान ने रोजा रखा इस मौके पर सैकड़ो लोगों ने इफ्तार पार्टी में शिरकत की हाजी इमरान ने कहा की बच्चों के भविष्य के लिए खास तौर पर शिक्षा पर ध्यान देना बहुत जरूरी है इससे बच्चों की खुद की और हमारे देश की तरक्की है। शिक्षा वह हथियार है जिससे बड़ी से बड़ी जंग जीती जा सकती है आए हुए मेहमानों का उन्होंने सम्मान किया।

डॉ जुबेद उर रहमान ने कहा कि आज बच्चों ने रोजा रखा है और मैं इन बच्चों के लिए दुआ करता हूं और यह काफी अच्छी बात है कि बच्चे रोजा रख रहे हैं। उन्होंने कहा कि कुरान शरीफ पवित्र किताब है और संविधान अपनी जगह अहम है। हम संविधान का सम्मान करते हैं और संविधान को सभी को मनाना चाहिए लोगों को मिलजुल कर रहना चाहिए आपस में भाईचारा रखना चाहिए और लोगों को जोड़ने का काम करना चाहिए ना कि तोड़ने का। जिस तरह से यह देश सैक्यूलर देश है हिंदू मुस्लिम सिख इसाई सब भाई-भाई है सब आपस में मिलजुल कर रहते हुए आए हैं आगे भी हमको ऐसे ही रहना चाहिए।

## बारापुला नाले को गंदे पानी से बचाने को लगेंगे छोटे सीवेज प्लांट

**नई दिल्ली।** बारापुला नाले में गंदे पानी के बहाव को रोकने के लिए दिल्ली जल बोर्ड (डीजेबी) ने काम तेज कर दिया हैं। राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) के निर्देशों के बाद डीजेबी ने झुग्गी बस्तियों से निकलने वाले सीवेज को रोकने और स्थानीय स्तर पर उपचार करने की योजना बनाई है। इसके तहत आठ झुग्गी क्लस्टरों में छोटे और मॉड्यूलर सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) लगाए जाएंगे, ताकि गंदा पानी नाले में न गिरे।

डीजेबी ने इस संबंध में एक रिपोर्ट शपथ-पत्र के साथ एनजीटी में दाखिल की है। डीजेबी के मुख्य अभियंता भूपेश कुमार ने रिपोर्ट में बताया कि 10 झुग्गी (जेजे) क्लस्टरों के नालों को ट्रैप करने की योजना बनाई गई थी। इनमें से दो का काम पहले ही पूरा हो चुका है।

# सूफियाना रंग में रंगी राजधानी, हरिहरन ने बांधा समां



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** कॉन्स्टिट्यूशन क्लब ऑफ इंडिया में एक विशेष सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया गया। इस ऐतिहासिक समारोह में आनंद कक्कड़ द्वारा लिखित 'उस्ताद-ए-गजल: हरिहरन' पुस्तक का लोकार्पण किया गया। बिग शो एंटरटेनमेंट के मनमीत सिंह ने कार्यक्रम की मेजबानी कर माहौल को उत्साह से भर दिया। इस अवसर पर हरिहरन का नया गजल एल्बम 'जान मेरी' जारी किया गया। हरिहरन एल्बम के विमोचन ने इस स्वर्णिम उत्सव को और भी यादगार बना दिया। कार्यक्रम के दौरान 'सरताज-ए-गजल' नामक एक नए गजल-आधारित सिंगिंग रियलिटी शो की घोषणा की, जिसका प्रसारण दूरदर्शन पर किया जाएगा। कार्यक्रम में डॉ. हर्षवर्धन (पूर्व केंद्रीय मंत्री, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन), के. सतीश नंबूदरीपाद (महानिदेशक, दूरदर्शन), प्रताप सोमवंशी (प्रबंध संपादक, हिंदुस्तान हिंदी दैनिक), फिल्म निर्देशक हरि शंकर राठी, आलोक श्रीवास्तव और ममता कालिया सहित अनेक विशिष्ट अतिथिगण उपस्थित रहे।

कार्यक्रम की शाम को सूफियाना रंगों और भावपूर्ण अंदाज से सराबोर करते हुए हरिहरन द्वारा प्रस्तुत की गई गजलों और गीतों ने पूरे सभागार को मानो सुरों की जादुई दुनिया में पहुँचा दिया। उनकी मधुर, गूंजती आवाज और भावनात्मक अभिव्यक्ति ने उपस्थित श्रोताओं के मन को हर्ष, उल्लास और आत्मिक आनंद से भर दिया।



भूमि आवंटियों के अधिकारों के मुद्दे पर प्रतिनिधिमंडल रविन्द्र इंद्राज सिंह से मुलाकात करते हुए।

## एक नजर

### क्रिकेट बना भाईचारे का माध्यम



**नई दिल्ली।** 26वें बाबा गुरबचन सिंह मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट का समापन आज संत निरंकारी आध्यात्मिक स्थल, समालखा (हरियाणा) में अत्यंत हर्षोल्लास के साथ सम्पन्न हुआ। इस टूर्नामेंट का शुभारंभ फरवरी 2026 में हुआ था, जिसमें देशभर के विभिन्न राज्यों से चयनित 24 टीमों ने भाग लेकर खेल प्रतिभा के साथ-साथ आपसी भाईचारे और अनुशासन की भावना का उत्कृष्ट परिचय दिया।

क्रिकेट के फाइनल मुकाबले में फिरोजपुर (पंजाब) और श्रीगंगानगर (राजस्थान) की श्रेष्ठ टीमों के बीच रोमांचक मुकाबला देखने को मिला, जिसमें श्रीगंगानगर (राजस्थान) विजेता टीम ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए ट्रॉफी अपने नाम की। टूर्नामेंट में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी सोनू राजपूत (श्रीगंगानगर) को "मैन ऑफ द मैच" के सम्मान से भी नवाजा गया। समापन अवसर पर संत निरंकारी मंडल के मेंबर इंचार्ज, प्रचार विभाग आदरणीय राकेश मुटरेजा जी ने विजेता टीम को ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया। इस अवसर पर खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि सतगुरु ने हमें जोश के साथ होश का संदेश दिया है।

### क्रोनिक पैंक्रियाटाइटिस के उपचार को लैपरोस्कोपिक पैंक्रियाटिक सर्जरी

**नई दिल्ली।** लैप्रोस्कोपिक और रोबोटिक सर्जरी जैसी मिनीमॅली इन्वेसिव उपचार पद्धति के लिए छोटे आकार का चीरा लगाया जाता है, सर्जरी के बाद मरीज को कम पीड़ा होती है, स्वास्थ्यलाभ शीघ्र होता है और साथ ही, अस्पताल में भी कम समय के लिए रुकना पड़ता है। फोर्टिस मेमोरियल रिसर्च इंस्टीट्यूट (एफएमआरआई), गुरुग्राम की जीआई सर्जिकल टीम अग्नाशय (पैंक्रियास) वाहिनी में पथरी तथा वाहिनी में अवरोध की जटिल समस्याओं से जूझ रहे मरीजों में क्रोनिक पैंक्रियाटाइटिस के प्रबंधन/उपचार के लिए इन उन्नत तकनीकों का इस्तेमाल कर रही है। ऐसा एक मामला, 27 वर्षीय युवक का था जिसे बार-बार पेट दर्द की समस्या की वजह से कई बार अस्पतालों के चक्कर लगाने पड़ते थे। इमेजिंग से पता चला कि उसकी अग्नाशय वाहिनी में अवरोध था ओर साथ ही, वाहिनी में फैलाव भी था। सर्जरी के बाद उनका दर्द काफी कम हो गया था, और पांच दिनों के भीतर उन्हें स्थिर अवस्था में अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। यश रावत, फैसिलिटी डायरेक्टर एवं सीनियर वाइस प्रेसीडेंट, फोर्टिस मेमोरियल रिसर्च इंस्टीट्यूट, गुरुग्राम ने कहा, "इन जटिल मामलों के सफल उपचार ने फोर्टिस मेमोरियल रिसर्च इंस्टीट्यूट में एडवांस मिनीमॅली इन्वेसिव पैंक्रियाटिक सर्जरी में बढ़ती विशेषज्ञता को रेखांकित कया है।

### विमानों की मरम्मत को डीजीसीए की मंजूरी



**नई दिल्ली।** भारत में विमान मरम्मत और रखरखाव (एमआरओ) सेक्टर को मजबूत करने की दिशा में हैवियस एयरोटेक इंडिया लिमिटेड ने बड़ा विस्तार किया है। कंपनी ने नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) से कई अहम मंजूरी हासिल की है। जर्मनी की सैफ्रान केबिन जर्मनी के साथ रणनीतिक साझेदारी भी की है। अब बेंगलुरु में कंपनी की नई तकनीकी सुविधाएं शुरू की गई हैं, जबकि दिल्ली स्थित यूनिट को भी नई तरह की तकनीकी सेवाएं देने की अनुमति मिली है। इसका सबसे बड़ा फायदा यह होगा कि भारतीय एयरलाइंस को अब विमान के कई महत्वपूर्ण उपकरणों और केबिन से जुड़ी मरम्मत के लिए विदेश पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा।

दिल्ली स्थित कंपनी के केंद्र को भी नागर विमानन महानिदेशालय से एक अहम मंजूरी मिली है। यहां अब एनवायरमेंटल और टेम्परेचर-कंट्रोल्ड कार्गो कंटेनर की मरम्मत और मेंटेनेंस किया जा सकेगा।

## क्रिप्टो बाजारों में महिलाओं की भागीदारी बढ़ी

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर, कॉइनडीसीएक्ष्स ने नया डेटा जारी किया है, जिसमें भारत के क्रिप्टो बाजारों में महिलाओं की भागीदारी में तेजी से वृद्धि का संकेत मिलता है। मेट्रो शहरों में, मुंबई, दिल्ली और कोलकाता में सबसे अधिक भागीदारी देखी जा रही है, जबकि भुवनेश्वर, वडोदरा और कोच्चि जैसे उभरते शहरों में क्रिप्प्टो अपनाने में तेजी की प्रवृत्ति दिख रही है।

सुमित गुप्ता, सह-संस्थापक, कॉइनडीसीएक्स ने कहा, "अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस 2026 के अवसर पर, जब हम 'गिव टु गेन' थीम पर विचार करते हैं, तो हम अपनी इस मान्यता को दोहराते हैं कि जब महिलाएं समृद्ध होती हैं, तो राष्ट्र भी समृद्ध होता है। महिलाओं को सशक्त बनाना केवल एक सामाजिक जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि यह एक आर्थिक अनिवार्यता है।

# कुरआन मुकम्मल होने पर शांति के लिए दुआ



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** रमजान के पवित्र महीने में तरावीह की नमाज के दौरान कुरआन शरीफ मुकम्मल होने के अवसर पर पूर्वी दिल्ली के आराम पार्क में एक विशेष दुआ और तकघ्रीर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में नमाजियों और गणमान्य लोगों ने शिरकत की तथा कघ्रुआन की शिक्षाओं को जीवन में अपनाने पर जोर दिया गया।

फिक्की के पैट्रन और प्रख्यात व्यवसायी हाफिज सलीम अहमद पिछले करीब 40 वर्षों से तरावीह की नमाज में कघ्रुआन मुकम्मल कराने की परंपरा निभाते आ रहे हैं। इसी क्रम में इस वर्ष उन्होंने हाफिज मोहम्मद दानिश को तरावीह की नमाज में कघ्रुआन सुनाया। कार्यक्रम के दौरान कघ्रुआन की तालीम और उसके महत्व पर विस्तार से चर्चा की गई। इस मौके पर मस्जिद नूरुल्लाह, अराम पार्क के इमाम मुफ्ती सालिम कघसमी ने अपने संबोधन में कहा कि कघ्रुआन को केवल पढ़ना ही नहीं, बल्कि उसका तर्जुमा समझकर पढ़ना भी अत्यंत आवश्यक है। कार्यक्रम के आयोजक हाफिज सलीम अहमद ने कहा कि आधुनिक शिक्षा के साथ-साथ इस्लामी शिक्षा, विशेष रूप से कघ्रुआन को समझकर पढ़ना, आज के समय की महत्वपूर्ण आवश्यकता है। इस अवसर पर कई विदेशी मेहमानों ने भी कार्यक्रम में भाग लिया। साथ ही मुफ्ती शहबाज, मौलवी मोहम्मद अल्तमा, कघरी मुख्तार नदवी, हाजी मोहम्मद यूसुफ, डॉ. मुश्ताक अंसारी, हाजी दिलशाद, हाजी मोहम्मद वसीम अहमद, हाजी नसीम अहमद और मोहम्मद जावेद अनवर समानी सहित कई गणमान्य व्यक्ति विशेष रूप से मौजूद रहे और दुआ में शामिल हुए।

# भूमि आवंटियों के अधिकारों के मुद्दे पर रविन्द्र इंद्राज से की मुलाकात

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली देहात दलित पिछड़ा जन कल्याण मंच के अध्यक्ष सत्य नारायण के नेतृत्व में लगभग 50 व्यक्तियों के एक प्रतिनिधिमंडल ने दिल्ली सरकार के समाज कल्याण एवं अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग कल्याण मंत्री रविन्द्र इंद्राज सिंह से उनके आवास पर शिष्टाचार मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल में मंच के चेयरमैन मंगत राम तथा उपाध्यक्ष प्रीत सहित अन्य सदस्य भी उपस्थित रहे। प्रतिनिधिमंडल ने दिल्ली भूमि सुधार अधिनियम, 1954 की धारा 74(4) के अंतर्गत 20 सूत्री कार्यक्रम के तहत कृषि भूमि के आवंटियों को भूमिदारी अधिकार प्रदान करने से संबंधित विषय को मंत्री के समक्ष प्रमुखता से उठाया। प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि लंबे समय से इस विषय को लेकर आवंटी परिवारों की अपेक्षाएँ जुड़ी हुई हैं और यदि उन्हें भूमिदारी अधिकार प्रदान किए जाते हैं तो इससे उनके सामाजिक एवं आर्थिक सशक्तिकरण को मजबूती मिलेगी। इस संबंध में प्रतिनिधिमंडल ने माननीय मंत्री को एक विस्तृत ज्ञापन भी सौंपा। मंत्री रविन्द्र इंद्राज सिंह ने प्रतिनिधिमंडल की बातों को गंभीरता और संवेदनशीलता के साथ सुना तथा कहा कि दिल्ली सरकार समाज के वंचित, पिछड़े और जरूरतमंद वर्गों के उत्थान के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि सरकार का स्पष्ट संकल्प है कि विकास की धारा समाज के हर वर्ग तक पहुँचे।

## एलपीजी संकट पर भड़के केजरीवाल

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक केजरीवाल ने केंद्र सरकार की नीतियों पर तीखा हमला बोलते हुए आरोप लगाया कि केंद्र की लचर नीति के कारण देश भर में एलपीजी गैस सिलेंडर को लेकर गंभीर समस्याएं खड़ी हो रही हैं। केजरीवाल ने कहा कि कई जगहों पर होटल और रेस्टोरेंट को एलपीजी गैस सिलेंडर नहीं मिल पा रहे हैं, जिससे व्यवसाय प्रभावित हो रहा है और कई प्रतिष्ठान बंद होने की कगार पर पहुंच गए हैं।केजरीवाल ने दावा किया कि अगर यही स्थिति बनी रही तो देश भर में करीब एक करोड़ लोगों के बेरोजगार होने का खतरा पैदा हो सकता है।उन्होंने कहा कि एक तरफ सरकार ने एलपीजी गैस के दाम काफी बढ़ा दिए हैं और दूसरी तरफ कमर्शीयल गतिविधियों के लिए गैस की उपलब्धता भी कम कर दी है।



विधानसभाध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता तरनजीत सिंह संधू को दिल्ली के नए उपराज्यपाल के रूप में शपथ लेने पर बधाई देते हुए।

# गुरु मान्यों ग्रंथ चेतना समागम संपन्न



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** खालसा साजना दिवस को समर्पित तीन दिवसीय 'गुरु मान्यों ग्रंथ चेतना समागम' का गीता कॉलोनी स्थित रामलीला ग्राउंड में श्रद्धा और उत्साह के साथ समापन हो गया। समागम के अंतिम दिन बड़ी संख्या में संगत ने भाग लिया और पूरा मैदान श्रद्धालुओं से खचाखच भरा रहा।

इस अवसर पर आयोजक एवं पूर्व निगम पार्षद गुरचरन सिंह राजू ने कहा कि 'गुरु मान्यों ग्रंथ चेतना समागम' का मुख्य उद्देश्य गुरु ग्रंथ साहिब जी की शिक्षाओं को समाज के अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाना है। उन्होंने बताया कि दिल्ली के यमुनापार क्षेत्र की संगत में इस समागम को लेकर विशेष उत्साह देखने को मिला और लोगों ने पूरे श्रद्धा भाव से इसमें भाग लिया। समागम के दौरान गुरबाणी कीर्तन, कथा-कीर्तन तथा विभिन्न प्रकार के लंगर की व्यवस्था की गई, जिसका संगत ने भरपूर आनंद लिया। गुरचरन सिंह राजू ने बताया कि इस समागम के दौरान 47 श्रद्धालुओं ने अमृत छका। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि 13 अप्रैल को बैसाखी के पावन अवसर पर गुरुद्वारा श्री रकाब गंज साहिब में अमृत संचार कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। जो भी श्रद्धालु अमृत छकना चाहते हैं, वे अपना नाम दर्ज करवा सकते हैं।

भारत माँ के चार सिपाही
हिन्दू मुस्लिम सिख ईसाई
देश को मज़बूत बनाना है तो
भाईचारा मज़बूत बनाएं





फैसल कुरैशी

भाई मेहरबान
अध्यक्ष: भाईचारा समिति
दिल्लीप्रदेश 9810024415

# विश्व ग्लूकोमा सप्ताह पर राष्ट्रीय मीडिया कॉन्क्लेव आयोजित



**नई दिल्ली।** वैश्विक बायोफार्मास्यूटिकल अग्रणी कंपनी एबवी, जो नवोन्मेषी दवाओं और समाधानों के विकास के प्रति प्रतिबद्ध है, ने ग्लूकोमा जागरूकता हेतु राष्ट्रीय मीडिया कॉन्क्लेव डिफीटग्लूकोमाका आयोजन इंडिया हैबिटेट सेंटर, नई दिल्ली में विश्व ग्लूकोमा सप्ताह के दौरान किया, ताकि ग्लूकोमा पर ध्यान आकृष्ट किया जा सके जो विश्व स्तर पर अपरिवर्तनीय अंधेपन के प्रमुख कारणों में से एक है।

इस कॉन्क्लेव में प्रमुख ग्लूकोमा विशेषज्ञों और नेत्र चिकित्सकों को एक मंच पर लाया गया, ताकि रोग के कारण होने वाली दृष्टि हानि को रोकने के लिए शीघ्र पहचान, नियमित नेत्र जाँच और समय पर उपचार के महत्व के प्रति जागरूकता बढ़ाई जा सके। सुरेश पट्टाथिल, प्रबंध निदेशक एवं महाप्रबंधक, एबवी इंडिया, ने कहा:" ग्लूकोमा को अक्सर 'दृष्टि का मूक चोर' कहा जाता है क्योंकि कई मरीज तब तक रोग से अनजान रहते हैं जब तक काफी हद तक दृष्टि हानि न हो जाए।

कॉन्क्लेव में ग्लूकोमा देखभाल के प्रमुख विशेषज्ञों के साथ एक ज्ञानवर्धक पैनल चर्चा का आयोजन किया गया, जिसमें डॉ. सुनीता दुबे, एसोसिएट मेडिकल डायरेक्टर, ग्लूकोमा सेवाओं की प्रमुख और क्वालिटी एश्योरेंस की चेयरपर्सन, डॉ. श्रॉफ चौरिटी आई हॉस्पिटल, डॉ. हर्ष कुमार, मोतियाबिंद और ग्लूकोमा विशेषज्ञ, सेंटर फॉर साइट, दिल्ली, तथा डॉ. रमनजीत सिहोता, ग्लूकोमा विशेषज्ञ, श्रॉफ आई सेंटर शामिल रहे। सत्र का संचालन डॉ. देवेन तुली, ग्लूकोमा विशेषज्ञ, नेत्रम आई फाउंडेशन द्वारा किया गया।

## विजेंद्र गुप्ता ने नए उपराज्यपाल को दी बधाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा के अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने तरनजीत सिंह संधू को दिल्ली के नए उपराज्यपाल के रूप में शपथ लेने पर अपनी हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि उनका विशाल राजनयिक अनुभव और सार्वजनिक सेवा के प्रति उनकी अटूट प्रतिबद्धता निस्संदेह राष्ट्रीय राजधानी के शासन और विकास में महत्वपूर्ण योगदान देगी।विधानसभा अध्यक्ष ने इस महत्वपूर्ण जिम्मेदारी में संधू की सफलता के लिए अपनी शुभकामनाएं व्यक्त करते हुए आशा जताई कि उनका कार्यकाल शहर की जनता की सेवा के लिए समर्पित, प्रतिष्ठित और फलदायी होगा। विधानसभा अध्यक्ष ने आज राज निवास में आयोजित आधिकारिक शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होकर उपराज्यपाल को शुभकामनाएं प्रकट की।

# तरणजीत सिंह संधू ने ली शपथ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के नवनियुक्त उपराज्यपाल तरणजीत सिंह संधू बुधवार को पद और गोपनीयता की शपथ ली। आधिकारिक शपथ ग्रहण समारोह दोपहर 1:30 बजे लोक निवास में आयोजित किया गया।

दिल्ली उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति देवेंद्र कुमार उपाध्याय उन्हें राष्ट्रीय राजधानी के 23वें उपराज्यपाल (एलजी) के रूप में शपथ दिलाई। अनुभवी राजनयिक: संधू 1988 बैच के भारतीय विदेश सेवा (आईएफएस) अधिकारी हैं और अमेरिका मामलों के विशेषज्ञ माने जाते हैं। वीके सक्सेना का स्थानांतरण :निवर्तमान उपराज्यपाल वीके सक्सेना को लद्दाख का उपराज्यपाल नियुक्त किया गया है। वे शुक्रवार को लद्दाख में अपना पदभार ग्रहण करेंगे।

पूर्वोत्तर रेलवे

खुली ई-निविदा सूचना

खुली ई-निविदा सूचना संख्या : SRDEE-TRD-IZN-2025-26-T30 Date - 09.03.2026

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर/टीआरडी, पूर्वोत्तर रेलवे, इज्जतनगर द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु "खुली" ई-निविदा आमंत्रित करते है।

कार्य का नाम : इज्जतनगर मंडल में सेहरामाऊ स्टेशन पर तीसरी लूप लाइन के प्रावधान के लिए ओएचई से संबंधित कार्य। टेंडर रिफरेंश नं. SRDEE-TRD-IZN-2025-26-T30, कार्य का अनुमानित लागत रूपया में: 86,26,856.06, अमानत राशि/बिड सिक्यूरिटी: 1,72,500.00, निविदा प्रपत्र का मूल्य रूपया में : 00, निविदा बंद होने की तिथि एवं समय : 01.04.2026, 11:00, कार्य पुरा करने की अवधि : 12 माह। • खुली ई-निविदा दिनांक 01.04.2026 को 11:00 बजे तक जमा कर सकेंगे। • पूर्ण विवरण जानने हेतु एवं निविदा की प्रस्तुति करने के लिए कृपया भारतीय रेलवे की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें।

वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर/
मुजाधि/विद्युत -297 टीआरडी/इज्जतनगर

गाड़ियों की छतों व पायदान पर कदापि यात्रा न करें।

शाह टाइम्स

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 109-110, प्रताप भवन, 5, बहादुर शाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110002 से प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎011-41509401-2
फैक्स: 011-41509403
मुख्यालय मोबाइल 9720007290
R.N.I. NoDEL.HIN./2002/8501
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# ठगी करने वाले दो बदमाश गिरफ्तार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नोएडा।** पुलिस ने कासना क्षेत्र में लिफ्ट देने के बहाने सफाईकर्मी से ठगी करने वाले दो बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों के पास से घटना में प्रयुक्त ऑटो, पीड़ित का डेबिट कार्ड और 9720 रुपये बरामद हुए। कासना कोतवाली की पुलिस के मुताबिक मूलरूप से संभल के सिंगोली गांव के रहने बब्लू कुमार कासना साइट-5 स्थित कंपनी में सफाईकर्मी हैं। वह एक मार्च की सुबह होली पर घर जाने के लिए कासना स्टैंड पर बस के इंतजार में खड़े थे। इस बीच तीन लोग उनके पास पहुंचे और पूछा कहां जाना है। बब्लू ने बताया कि उसे अनूपशहर जाना है तो उन्होंने कहा कि वे भी अनूपशहर जा रहे हैं।

उनकी गाड़ी आगे खड़ी है। तीनों ने लिफ्ट देने के बहाने बातों में उलझाकर उनका बैग ले लिया। बैग में 30 हजार रुपये, डेबिट कार्ड, पासबुक और अन्य दस्तावेज थे। वे



बैग लेकर भाग गए।पीड़ित ने बताया कि घटना के बाद आरोपियों ने उनके डेबिट कार्ड से तीन बार में 22 हजार रुपये निकाल लिए। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया और दो बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया।

आरोपियों की पहचान पंकज उर्फ तोतला निवासी राधानगर, जिला बुलंदशहर और समशेर निवासी सोरहा जनपद बस्ती के रूप में हुई। पुलिस ने दोनों से पूछताछ के बाद सफाईकर्मी के साथ हुई घटना का खुलासा किया।

कोतवाली प्रभारी का कहना है कि घटना में शामिल एक आरोपी अभी फरार है। उसकी तलाश की जा रही है।

## सेक्टर-116 और 117 में पार्क निर्माण कराने की मांग

**नोएडा।** सेक्टर-116 व 117 के बीच पार्क के लिए प्रस्तावित भूमि पर वेद वन की तर्ज पर सुंदर पार्क बनाने की मांग की गई है। इस संबंध में सेक्टर-117 के आरडब्ल्यूए पदाधिकारियों ने महाप्रबंधक एके अरोड़ा से मुलाकात की। सेक्टर-117 के आरडब्ल्यूए अध्यक्ष कोसिंदर यादव ने बताया कि सेक्टर-117, 116 और आसपास कई हाईराइज सोसाइटी हैं। क्षेत्र में प्रदूषण भी अन्य सेक्टरों से यहां ज्यादा है। प्रस्तावित पार्क का निर्माण होने के बाद यहां हरियाली और सौन्दर्यीकरण बढ़ेगा। सचिव हर्ष मोहन जखमोला ने कहा कि यहां अब तक एक भी पार्क का निर्माण नहीं कराया गया है। ऐसे में बच्चों को खेलने और बुजुर्गों को टहलने में परेशानी होती है। उधर, नोएडा प्राधिकरण के महाप्रबंधक एके अरोड़ा ने बताया कि प्राधिकरण प्रस्तावित स्थल पर निर्माण के लिए काम कर रहा है।

# एलपीजी गैस की किल्लत और कीमतों ने मचाया हाहाकार: रवि शर्मा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** अमेरिका इजरायल और ईरान के युद्ध का असर अब भारत में साफ दिखने लगा है। खासकर रसोई गैस को लेकर जो स्थितियां बनी है वह काफी डरावनी है। लोगों को गैस मिल नहीं रहा है और अगर मिल रहा है तो उसके लिए उन्हें ऊंची कीमत चुकानी पड़ रही है, जिसको लेकर सेक्टर 22 आरडब्ल्यूए के संरक्षक, ब्राह्मण रक्षा दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष और समा. जवादी पार्टी के प्रदेश सचिव पंडित रवि शर्मा ने सरकार की कड़ी आला. चना की है। उनका कहना है कि देश के मौजूदा हालात एक बार फिर कोरोना काल की याद दिला रहे हैं। उस समय लोग ऑक्सीजन सिलेंडर के लिए यहां वहां भटक रहे थे तो आज लोग एलपीजी सिलेंडर के लिए यहां वहां धक्के खाते नजर आ रहे हैं। गैस गोदाम में ताले लगे हैं, सप्लाई वाली गाड़ियां नदारद हैं। सप्लायर का कहना है कि



पीछे से ही सप्लाई नहीं आ रही है। वहीं दूसरी तरफ 10 दिन पहले तक जो सिलेंडर 900 रुपए का आता था आज उसी की कालाबाजारी 1800 से 2000 में हो रही है और मजबूरी में लोग खरीदने को विवश हैं। गैस सिलेंडर की मारामारी ने घर का बजट बिगाड़ दिया है।

श्री शर्मा ने कहा कि मौजूदा हालात ने सरकार के झूठे वादों की पोल खोल कर रख दी है जिसमें प्रधानमंत्री ने देश में गैस एवं डीजल, पेट्रोल के पर्याप्त भंडार होने का दावा किया था। ऐसा लगता है कि बहुत ही जल्द पेट्रोल और डीजल के लिए भी लंबी-लंबी लाइन देखने को मिलेगी। श्री शर्मा ने कहा कि यदि सरकार ने समय रहते कोई ठोस इंतजाम नहीं किया तो ईरान और इसराइल जैसे हालात हमारे देश में भी देखने को मिल सकते हैं।

## दहेज के लिए विवाहिता को मारपीट कर घर से निकाला

**यमुना सिटी।** जेवर क्षेत्र के गांव की रहने वाली महिला ने ससुराल पक्ष के लोगों पर दहेज के लिए प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है। महिला का कहना है कि आरोपियों ने दहेज की मांग पूरी न होने पर मारपीट कर उसे घर से निकाल दिया।

पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने पति समेत पांच के खिलाफ मुक. दमा दर्ज किया है। जेवर की रहने वाली महिला मनीषा ने पुलिस को बताया कि उसकी शादी करीब पांच साल पहले पलवल के रहने वाले राहुल के साथ हुई थी। मनीषा का आरोप है कि शादी के बाद से ही ससुराल पक्ष के लोगों ने उसे दहेज के लिए प्रताड़ित करना शुरू कर दिया। आरोपी दहेज में बाइक और एक लाख रुपये नगद देने की मांग करने लगे। दहेज न देने पर उसको मारपीट कर घर से निकाल दिया।

# डीएम ने सिलेंडर की कालाबाजारी पर रोक लगाने के दिए निर्देश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ईरान, इजरायल और अमेरिका के युद्ध के बीच एलपीजी सिलेंडर को लेकर संकट पैदा हो गया है। इस बीच बुधवार को जिलाधिकारी मेधा रूपम ने कलेक्ट्रेट सभागार में आईओसीएल, बीपीसीएल और एचपीसीएल (एलपीजी) के क्षेत्रीय अधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने उपभोक्ताओं को शत-प्रतिशत गैस सिलेंडर आपूर्ति करने, कालाबाजारी और अनाधिकृत भंडारण पर रोक लगाने के लिए दिशा-निर्देश दिए। बैठक में एलपीजी गैस सिलेंडर वितरण एजेंसी के पदाधिकारियों ने अवगत कराया कि जिले के लिए पर्याप्त मात्रा में एलपीजी, पेट्रोल और डीजल का भंडार उपलब्ध है। गैस उपभोक्ता हलचल की स्थिति उत्पन्न न करें। पेट्रोलियम और



प्राकृतिक गैस मंत्रालय द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार सिलेंडर डिलीवरी के 25 दिनों के बाद बुकिंग की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है।

जिलाधिकारी ने कहा कि आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1955 लागू है। ऐसी स्थिति में यदि किसी अन्य अनाधिकृत स्रोतों के माध्यम से एलपीजी सिलेंडर की खरीद-फरोख्त और भंडारण किया जाना पाया गया है तो संलिप्त व्यक्तियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। जिलाधिकारी ने पेट्रोल, डीजल पंप और गैस एजेंसियों के मालिकों को निर्देश दिया कि वह अपने सीसीटीवी कैमरे चालू अवस्था में रखेंगे। बार-बार पेट्रोल और डीजल खरीदने के लिए आने वाले लोगों पर नजर रखी जाए, ताकि वह किसी भी प्रकार की कालाबाजारी में संलिप्त न हों।प्रभारी जिला पूर्ति अधिकारी ने बताया कि समस्त एलपीजी उपभोक्ता अधिकृत एलपीजी कंपनी के ऑनलाइन बुकिंग के लिए मोबाइल नंबर से अथवा मोबाइल ऐप के माध्यम से गैस सिलेंडर बुक कराएं। घरेलू उपभोक्ताओं के लिए कोई कमी नहीं है और घबराने की कोई बात नहीं है। सिलिंडर मिलने में परेशानी न हो, इसके लिए एडीएम वित्त की निगरानी में एक टीम भी गठित की गई है।

आम लोगों और उपभोक्ताओं से अपील है कि अफवाह पर ध्यान न दें और धैर्य बनाकर रखें। बैठक में डीसीपी सेंट्रल शक्ति मोहन अवस्थी, एडीएम वित्त एवं राजस्व अतुल कुमार, प्रभारी जिला पूर्ति अधिकारी स्मृति गौतम आदि उपस्थित रहे।

## एक नजर

### छात्र से मारपीट करने वाले चार लोगों पर केस दर्ज

**ग्रेटर नोएडा ( शाह टाइम्स )।** रबूपुरा थाना क्षेत्र में हाईस्कूल की परीक्षा देकर घर लौट रहे छात्र के साथ चार लोगों ने मारपीट की। छात्र को नोएडा के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। गांव फलैदा बांगर निवासी मुकेश ने बताया कि उनका बेटा श्याम मंगलवार को गांव आंकलपुर से हाईस्कूल की परीक्षा देकर घर वापस लौट रहा था। यमुना एक्सप्रेसवे के नीचे घात लगाए बैठे सनी उर्फ छोटू तथा उसके तीन और अज्ञात साथियों ने उसके ऊपर लाठी डंडों और लोहे की रॉड से हमला कर दिया। हमले में छात्र श्याम गंभीर रूप से घायल हो गया। पिता की लिखित शिकायत पर रबूपुरा कोतवाली में केस दर्ज किया गया है।

### वीडियो बनाकर ब्लैकमेल का आरोप, विवाहित महिला ने लगाई न्याय की गुहार

**ग्रेटर नोएडा ( शाह टाइम्स )।** सूरजपुर कोतवाली पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर चार लोगों के खिलाफ अश्लील वीडियो बनाकर विवाहिता को ब्लैकमेल, , मारपीट और बलात्कार करने के प्रयास का केस दर्ज किया है। महिला का आरोप है कि पति ने अन्य आरोपियों की बातों में आकर उसका अश्लील वीडियो बनाया था। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू की है। सूर. जपुर कस्बे के पास रहने वाली पीड़िता ने केस दर्ज कराया है कि दिसंबर 2023 को बाराबंकी निवासी ललितेश कुमार के साथ उसकी शादी हुई थी। आरोप है कि 15 जनवरी 2024 को उसके पति ने नीरज वर्मा, राकेश वर्मा व निशा निवासी त्रिलोकपुर लखनऊ के कहने पर उसकी अश्लील वीडियो बना ली। उसके बाद वीडियो सभी को भेज दी। नीरज और राकेश वीडियो के बल पर उसे ब्लैकमेल करने लगे। दुष्कर्म का प्रयास किया गया। साथ ही पैसों की मांग की गई। जबरन घर में घुसकर छेड़छाड़ करनी शुरू कर दी। आरोपी निशा भी इसमें साथ देती थी। परेशान होकर पीड़िता ने सूजपुर कोतवाली में शिकायत दी, लेकिन पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। परेशान होकर पीड़िता ने कोर्ट का दरवाजा खटखटाया। अब कोर्ट के आदेश पर सूर. जपुर कोतवाली पुलिस ने पति ललितेश कुमार के साथ दोस्त नीरज वर्मा, राकेश वर्मा और निशा शर्मा के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू की है।

### खतरनाक ढंग से वाहन चलाने पर पांच हजार का चालान

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** सेक्टर-15ए के सामने खतरनाक ढंग से गाड़ी चलाने पर पांच हजार रुपये का चालान किया गया। यातायात पुलिस ने यह कार्रवाई सोशल मीडिया के ऐक्स प्लेटफॉर्म पर मिली शिकायत के आधार की। वहीं, अन्य नियमों का उल्लंघन करने पर 7,222 वाहनों के चालान किए गए। पुलिस के अधिकारियों ने बताया कि मैनुअल तरीके से बुधवार को 2,710 और आईएसटीएमएस कैमरों से 4,512 वाहनों के चालान किए गए। हेलमेट न पहनने पर 2,664, तेज गति से वाहन चलाने पर 427, लालबत्ती जंप करने पर 133 और बिना प्रदूषण जांच कराए चलने पर 277 वाहनों के चालान किए गए। अधिकारियों ने बताया कि कोई कागजात न होने पर 18 वाहनों के चालान किए गए।
विपरीत दिशा में चलने वालों के खिलाफ भी विशेष अभियान चलाया गया। इसके तहत 503 वाहनों के चालान किए गए। पुलिस के अधिकारियों ने बताया कि मिलक लच्छी स्थित कंपोजिट विद्यालय के छात्र-छात्राओं को नियमों का पालन करने के लिए जागरूक भी किया गया। निर्धारित स्थान पर वाहनों को खड़ा करने और आईएसआई मार्क हेलमेट का इस्तेमाल करने के लिए छात्रों को बताया गया।

### अट्टा पीर चौराहे का नाम बदलने की मांग

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** विश्व हिंदू महासंघ ने नोएडा के अट्टा पीर चौराहे का नाम बदलकर वंदे मातरम चौराहा रखने की मांग की है। इस संबंध में सेक्टर-93 में संगठन की जिला इकाई की बैठक आयोजित की गई। इस मौके पर जिला कोषाध्यक्ष कल्याण सिंह, जिला प्रभारी चौधरी तेज सिंह, संयोजक देवेन्द्र सिरोहा, संरक्षक जेपी शर्मा, जिला अध्यक्ष विपिन चौधरी आदि मौजूद रहे। 149 छात्र सम्मानितनोएडा । सेक्टर-50 स्थित कोठारी इंटरनेशनल स्कूल में नौवीं और ग्यारहवीं के विद्यार्थियों के लिए पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में 149 विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ. संगीता अरोड़ा और ट्रस्टी डॉ. अविनाश गुप्ता ने विद्यार्थियों को इसी तरह आगे भी लक्ष्य हासिल करने के लिए प्रेरित किया।
विद्यार्थियों को उनकी शैक्षणिक और सह-शैक्षिक गतिविधियों के लिए स्टार स्कॉलर, स्कॉलर, स्ट्रीम टॉपर, ग्रेड टॉपर, सब्जेक्ट टॉपर, विजुअल आर्ट, क्रिएटिव राइटिंग और टेक विजार्ड जैसे पुरस्कार दिए गए।

# ग्रेनो के पेयजल में कोई हानिकारक तत्व नहीं मिला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** शहर के घरों में आपूर्ति किए जा रहे पेयजल में कोई हानिकारक तत्व नहीं मिला। टीडीएस की मात्रा 350 पाई गई। सिर्फ एक जगह पर यह मात्रा 600 मिली। पेयजल आपूर्ति की व्यवस्था को बेहतर करने के लिए गंगाजल की आपूर्ति बढ़ाई जा रही है। प्राधिकरण ने दूषित पेयजल आपूर्ति की शिकायत पर जनवरी में शहर के सेक्टर डेल्टा-1 और अल्फा-2 समेत विभिन्न आवासीय सेक्टरों से 55 नमूने लेकर जांच के लिए प्रयोगशाला भेजे थे। अधिकारी के मुताबिक टीडीएस समेत सभी आवश्यक तत्वों की जांच कराई गई। निजी एजेंसी से पेयजल की जांच करवाई गई। जल विभाग के अधिकारी के मुताबिक 55 नमूने की रिपोर्ट आ गई है।

जांच रिपोर्ट में पेयजल को सभी मानकों पर सही और पीने लायक पाया गया। अधिकतर रिपोर्ट में टीडीएस की मात्रा 350 पाई गई है। कुछ स्थानों पर तो 100 से भी कम टीडीएस मिला। मात्र एक जगह पर टीडीएस 600 तक मिला। प्राधिकरण ने पेयजल आपूर्ति में और सुधार का दावा किया है। गंगा. जल के लिए बिछाई गई पाइपलाइन में लीकेज की समस्या को दूर कर गंगाजल की मात्रा बढ़ाई जा रही है। ग्रेटर नोएडा ईस्ट क्षेत्र के ज्यादातर सेक्टरों में गंगाजल की आपूर्ति की जा रही है। वहीं, ग्रेटर नोएडा वेस्ट में इस परियोजना पर तेजी से कम चल रहा है।

## स्कूल में छात्रा के साथ अभद्रता

**ग्रेटर नोएडा।** धूम मानिकपुर के स्कूल में पढ़ने वाली छात्रा पर फब्तियां कसने और अभद्र भाषा का इस्तेमाल करने का मामला सामने में आया। परिजनों ने प्रधानाचार्य समेत छह के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है । धूम मानिकपुर गांव के स्कूल में एक लड़की 11वीं कक्षा की छात्रा है। छात्रा राष्ट्रीय स्तर पर प्रतियोगिताओं में भाग ले चुकी है। छात्रा ट्रैक पर दौड़ने का अभ्यास कर रही थी। इसी दौरान कक्षा में पढ़ने वाले कुछ छात्रों ने छात्रा से अभद्रता की। इसके बाद छात्रा ने कक्षा अध्यापक से शिकायत की। अध्यापक ने छात्रों को धमकाया, मगर छात्रों के व्यवहार में कोई परिवर्तन नहीं आया। आरोप है कि छात्र आए दिन उसे परेशान करते रहे। छात्रा ने घटना के बारे में परिजनों को सूचना दी।

# पेंट फैक्ट्री में लगी भीषण आग

## दमकल की छह गाड़ियों ने बुझाई, लाखों का सामान जलकर राख हुआ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के साइट 4 स्थित एक पेंट फैक्ट्री में भीषण आग लग गई। बीटा 2 थाना क्षेत्र की डी 79 कलरटैक्स पालीमार्क्स कंपनी में लगी इस आग पर दमकल की आधा दर्जन गाड़ियों ने करीब पौने घंटे की मशक्कत के बाद काबू पाया।

गनीमत रही कि इस घटना में कोई जनहानि नहीं हुई, हालांकि लाखों रुपये का सामान जलकर राख हो गया।

यह घटना बीटा 2 थाना क्षेत्र के साइट 4 स्थित डी 79 कलरटैक्स पालीमार्क्स कंपनी में हुई, जहां पेंट बनाने का काम किया जाता है। दमकल विभाग को शाम करीब 4:01 बजे आग लगने की सूचना मिली।सूचना मिलते ही दमकल की दो गाड़ियां मौके पर



पहुंचीं और आग बुझाने में जुट गईं। हालांकि, फैक्ट्री में थिनर और अन्य ज्वलनशील पदार्थ होने के कारण आग ने जल्द ही विकराल रूप ले लिया और तेजी से फैलने लगी। पूरे क्षेत्र में धुएं का काला गुबार छा गया।स्थिति की गंभीरता को देखते हुए दमकल की अतिरिक्त गाड़ियों को बुलाया गया, जिससे कुल आधा दर्जन गाड़ियां आग बुझाने में लगीं। दमकल कर्मियों ने करीब 45 मिनट की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर पूरी तरह से काबू पा लिया।

इस हादसे में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है, लेकिन कंपनी के अंदर रखा लाखों रुपये का तैयार माल और कच्चा माल जलकर नष्ट हो गया।

# पहले फेज में एक रनवे, 150 उड़ानों का संचालन एयरपोर्ट को लेकर आया बड़ा अपडेट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**यमुना सिटी।** जेवर क्षेत्र में बन रहा नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट तेजी से अपने संचालन की ओर बढ़ रहा है। यूपी सरकार की इस महत्वाकांक्षी परियोजना में पहले चरण का करीब 95 प्रतिशत निर्माण कार्य संपन्न हो गया है। बाकी काम 10 नवंबर तक पूरा कर लिया जाएगा। पहले फेज में एक रनवे से उड़ानों का संचालन शुरू होगा। औसतन रोजाना करीब 150 उड़ानों के संचालन का अनुमान लगाया गया है। इसकी वार्षिक यात्री क्षमता 1 करोड़ 20 लाख यात्रियों की होगी।

जानकारी के मतुाबिक जैसे ही यात्रियों की संख्या एक करोड़ को पार करेगी, एयरपोर्ट पर दूसरे रनवे के निर्माण की प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी। दो रनवे के साथ यह एयरपोर्ट करीब 7 करोड़ यात्रियों को सेवा देने में सक्षम होगा। जेवर एयरपोर्ट के पहले चरण में लगभग 3,300 एकड़ क्षेत्र में विकसित किए जा रहे हिस्से का लोकार्पण किया जाएगा। परियोजना के लिए कुल 6,700 एकड़ भूमि का अधिग्रहण पहले ही किया जा चुका है, जबकि शेष 5,100 एकड़ भूमि अगले तीन महीनों में अधिग्रहित किए जाने की योजना है। एयरपोर्ट के लिए भूमि खरीद पर लगभग 5000 करोड़ रुपये खर्च किए गए हैं, जबकि निर्माण कार्य पर करीब 7000 करोड़ रुपये की लागत आ रही है।

**कुल पांच रनवे बनाने का प्लान:** बता दें कि जेवर एयरपोर्ट को देश के सबसे बड़े और आधुनिक हवाई अड्डे के रूप में विकसित करने का प्लान है। इस प्रोजेक्ट के पूरा होने पर इस एयरपोर्ट पर कुल पांच रनवे होंगे और इसका कुल क्षेत्रफल लगभग 11,750 एकड़ तक पहुंच जाएगा। अंतिम रूप से तैयार होने के बाद एयरपोर्ट की वार्षिक यात्री क्षमता 30 करोड़ यात्रियों तक पहुंचने का अनुमान है, जिससे यह दुनिया के सबसे बड़े हवाई अड्डों में शामिल हो सकता है। इस प्रोजेक्ट के पूरा होने के साथ ही इस इलाके में व्यापक आर्थिक और औद्योगिक विकास की भी उम्मीद जताई जा रही है। एयरपोर्ट के आसपास लॉजिस्टिक्स, पर्यटन, व्यापार और औद्योगिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा। साथ ही बड़ी संख्या में प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार के अवसर भी पैदा होंगे।

**जेवर एयरपोर्ट चालू होने से आईजीआईए पर दबाव कम होगा:** राज्य सरकार का मानना है कि जेवर एयरपोर्ट दिल्ली-एनसीआर और पश्चिमी उत्तर प्रदेश के लिए एक महत्वपूर्ण परिवहन केंद्र के रूप में उभरेगा। इसके संचालन से क्षेत्रीय कनेक्टिविटी मजबूत होगी और राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय उड़ानों के लिए एक नया विकल्प उपलब्ध होगा। विशेषज्ञों के अनुसार जेवर एयरपोर्ट के शुरू होने से दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर बढ़ते दबाव को भी काफी हद तक कम किया जा सकेगा। साथ ही यह परियोजना उत्तर प्रदेश को वैश्विक निवेश और व्यापार के नक्शे पर और मजबूती से स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

## राहगीरों से मोबाइल और चेन छीनने का आरोपी दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** सेक्टर-58 थाने की पुलिस ने मोबाइल और चेन छीनने वाले बदमाश को बुधवार को थाना क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया। आरोपी चोरी की बाइक से वारदात को अंजाम देता था। उसके खिलाफ नोएडा और गाजियाबाद के अलग-अलग थानों में तीन केस दर्ज हैं।

एडिशनल डीसीपी मनीषा सिंह ने बताया कि पुलिस की टीम थाना क्षेत्र में गश्त कर रही थी। इसी दौरान एक संदिग्ध बाइक सवार उधर से गुजरा। पुलिस ने जब उसको रुकने का इशारा किया तो उसने बाइक की गति बढ़ा दी। पुलिस टीम ने पीछा कर उसे दबोच लिया और कड़ाई से पूछताछ शुरू कर दी।

आरोपी ने बताया कि उसका नाम सलमान है और वह हरियाणा के यमुना नगर जिले का रहने वाला है। वह बदमाश है। उसके पास से, जो बाइक बरामद हुईख् उसे उसने करीब तीन महीने पहले खोड़ा के बुध बाजार से चुराया था। इस संबंध में गाजियाबाद के खोड़ा थाने में केस भी दर्ज है। सलमान ने करीब एक महीने पहले थाना क्षेत्र के सी ब्लॉक में एक व्यक्ति का मोबाइल भी छीना था।

लूट के मोबाइल को उसने राहगीर को बेहद कम दाम में बेच दिया था। बरामद रकम उसी में से है। पुलिस सलमान के अन्य साथियों के बारे में भी पता लगा रही है। उसके खिलाफ सेक्टर-58 थाने में आर्म्स ऐक्ट के तहत भी केस दर्ज है। आरोपी वारदात का विरोध करने पर लोगों को डराने के लिए अपने पास चाकू रखता था।

# गैस सिलेंडर की किल्लत बढ़ी, एजेंसियों पर उमड़ी भीड़

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** नोएडा शहर में घरेलू गैस सिलेंडरों की आपूर्ति प्रभावित होने से कई इलाकों में किल्लत बढ़ गई है। स्थिति यह है कि गैस सिलेंडर लेने के लिए बड़ी संख्या में लोग गैस एजेंसियों के बाहर पहुंच रहे हैं और लंबी-लंबी कतारें लग रही हैं।

नोएडा सेक्टर-24 थाना क्षेत्र के सेक्टर-54 स्थित गैस एजेंसियों के बाहर बुधवार सुबह से ही ग्राहकों की भीड़ देखने को मिली। जैसे ही सिलेंडर की कमी की खबर फैली, लोग समय से पहले ही एजेंसियों पर पहुंचने लगे। कई उपभोक्ता अपने खाली सिलेंडर लेकर लाइन में खड़े नजर आए। कुछ जगहों पर इतनी भीड़ हो गई कि एजेंसी के बाहर अव्यवस्था जैसी स्थिति बनती दिखाई दी। भीड़ बढ़ने की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस भी मौके पर पहुंच गई।

**सप्लाई कम होने से सिलेंडर उपलब्ध कराना मुश्किल:** पुलिसकर्मी एजेंसी के बाहर निगरानी करते हुए भीड़ को व्यवस्थित तरीके से लाइन में लगवा रहे हैं, ताकि किसी तरह की धक्का-मुक्की या अफरातफरी की स्थिति न बने। पुलिस का कहना है कि हालात पर नजर रखी जा रही है और जरूरत पड़ने पर अतिरिक्त व्यवस्था भी की जाएगी। गैस एजेंसी से जुड़े लोगों का कहना है कि पिछले कुछ दिनों से सिलेंडरों की सप्लाई सामान्य नहीं आ रही है, जिसकी वजह से स्टॉक सीमित हो गया है। सप्लाई कम होने के कारण सभी उपभोक्ताओं को तुरंत सिलेंडर



उपलब्ध कराना मुश्किल हो रहा है और लोगों को इंतजार करना पड़ रहा है।

**सप्लाई सामान्य नहीं हुई तो परेशानी और बढ़ सकती है:** गैस लेने पहुंचे कई उपभोक्ताओं ने बताया कि उन्हें डर है कि यदि समय पर सिलेंडर नहीं मिला तो घरों में खाना बनाने में परेशानी हो सकती है। इसलिए लोग पहले से ही सिलेंडर लेने के लिए एजेंसियों पर पहुंच रहे हैं। कुछ लोगों का कहना है कि यदि जल्द ही सप्लाई सामान्य नहीं हुई तो आने वाले दिनों में परेशानी और बढ़ सकती है। गैस एजेंसी संचालकों का कहना है कि यह स्थिति अस्थायी है और सप्लाई लाइन सामान्य होते ही सिलेंडरों की उपलब्धता भी बढ़ जाएगी।

**प्रशासन की उपभोक्ताओं से अपील घबराए नहीं मिलेगी गैंस:** उन्होंने उपभोक्ताओं से घबराने या एक साथ एजेंसियों पर भीड़ न लगाने की अपील की है। फिलहाल प्रशासन और पुलिस स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं, ताकि शहर में गैस वितरण व्यवस्था सुचारु बनी रहे और लोगों को किसी तरह की बड़ी परेशानी का सामना न करना पड़े।

## वाहनों के खराब और दुर्घटनाग्रस्त होने से जाम लगा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** नोएडा-ग्रेनो एक्सप्रेसवे समेत तीन स्थानों पर वाहनों के खराब और दुर्घटनाग्रस्त होने से बुधवार को जाम लग गया। इससे लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। सेक्टर-62 मॉडल टाउन गोलचक्कर पर सुबह करीब आठ बजे एक वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इससे गोलचक्कर के पास जाम लग गया। इसका असर दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे और फोर्टिस अस्पताल की तरफ से आने वाले यातायात पर पड़ा। ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेसवे पर करीब नौ बजे परी चौक की ओर से आते समय हिंडन पुल के पास एक वाहन खराब हो गया। व्यस्त समय होने के कारण वाहनों का दबाव काफी था। इससे परी चौक की ओर लंबा जाम लग गया।

सूचना मिलने के बाद खराब वाहन को सड़क किनारे करने में करीब एक घंटे का समय लग गया। फिल्म सिटी मार्ग पर सेक्टर-15ए के सामने भी एक गाड़ी खराब होने से महामाया फ्लाईओवर की तरफ जाम की समस्या हुई।

**शाह टाइम्स**

आपके लोकप्रिय अखबार दैनिक शाह टाइम्स में विज्ञापन एवं समाचारों के लिए संपर्क करें।

**प्रवेश सिंह दतानियां**

जिला प्रभारी गौतमबुध नगर/खोड़ा

ए-37, सेक्टर-10, नोएडा, जनपद गौतमबुध नगर

9810967541, 8920145356

Email : parveshnoida@gmail.com

**खबरें छुपाता नहीं, छापता है**

